

**बीसीसीआई का काम मुश्किल होता है**

गॉवर ने कहा कि बीसीसीआई के अध्यक्ष का पद विश्व क्रिकेट में सबसे मुश्किल कामों में से एक है। उन्होंने कहा, 'जाहिर है आपको काफी जिम्मेदार होना होगा, भारत में इस खेल के एक अरब से ज्यादा प्रशंसक हैं।' गॉवर ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों के लिए राजनीतिक समझ जरूरी है और उन्हें लगता है कि गांगुली इसके लिए सही है। उन्होंने कहा, 'वह शानदार इंसान है और उनके पास राजनीतिक क्षमता है। उनका रवैया सही है और चीजों को साथ रख सकते हैं। वह अच्छा काम करेंगे।

## सौरभ गांगुली में नजर आता है आईसीसी का भविष्य

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड गॉवर का मानना है कि सौरभ गांगुली के पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का नेतृत्व करने के लिए जरूरी 'राजनीतिक कौशल' है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में खुद को पहले ही साबित कर दिया है जो 'बहुत कठिन काम' है। गॉवर दुनिया के सबसे कलात्मक बाएं हाथ के बल्लेबाजों में एक माने जाने वाले गांगुली के नेतृत्व क्षमता से प्रभावित है। उनका मानना है कि उनके पास भविष्य में वैश्विक संस्था का नेतृत्व करने के लिए जरूरी समझ है। गॉवर ने 'ग्लोफैंस' के चैट कार्यक्रम 'क्यू20' से पहले कहा, 'मैंने इतने वर्षों में जो कुछ सीखा है, वह यह है कि बीसीसीआई का संचालन करने के लिए अपके पास कई तरह का कौशल और समझ होने चाहिए। उनकी (गांगुली) जैसी प्रतिष्ठा होना (बोर्ड के लिए) बहुत अच्छी शुरुआत है, लेकिन आपको एक बहुत ही विनम्र राजनीतिज्ञ होने की जरूरत है।' अगर आप बीसीसीआई प्रमुख के रूप में अच्छा काम करते हैं, तो कौन जानता है भविष्य में क्या हो?'

# तोड़ सकते हैं ग्रैंड स्लैम खिताब जीत और नंबर–1 रैंकिंग का रेकॉर्ड

**टेनिस**

## सर्बियाई दिग्गज जोकोविच के नाम फिलहाल 17 मेजर खिताब

- करियर का समापन सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता के रूप में करेंगे: जोकोविच
- रोजर फेडरर ने जीते हैं रेकॉर्ड 20 ग्रैंड स्लैम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पैरिस। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को भरोसा है कि वह अपने करियर का समापन सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता के रूप में करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि वह दुनिया के नंबर–1 टेनिस खिलाड़ी सबसे ज्यादा सप्ताह तक रहने का रेकॉर्ड भी तोड़ देंगे। जोकोविच के नाम 17 मेजर खिताब हैं जबकि स्विट्जरलैंड के स्टार रोजर फेडरर के नाम रेकॉर्ड 20 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। वहीं, स्पेन के राफेल नडाल 19 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन हैं।



घातक कोरोना वायरस के कारण कई देशों में लॉकडाउन घोषित है और इस महामारी के कारण 2020 के सीजन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले जोकोविच ने आठवीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। उन्होंने ग्राहम बेन्सिंगर के टीवी शो पर कहा, मुझे लगता है कि मेरे पास अब भी इस खेल में करने के लिए काफी चीजें हैं। मेरा मानना है कि मैं सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम जीत सकता हूं और नंबर–1 पर सबसे अधिक हफ्तों तक रहने का रेकॉर्ड तोड़ सकता हूं। निश्चित रूप से वे मेरे लक्ष्य हैं।

जोकोविच रैंकिंग में कुल 282 हफ्तों तक शीर्ष पर रहे हैं। फेडरर का नंबर–1 रहने का रेकॉर्ड 310 का है जबकि रिटायर्ड हो चुके दिग्गज पीट सम्प्रास 286 सप्ताह तक रैंकिंग में टॉप पर रहे। हालांकि जोकोविच ऐसा कर सकते हैं जो 22 मई को अपना 33वां जन्मदिन मनाएंगे। फेडरर अगस्त में 39 वर्ष के हो जाएंगे, जबकि नडाल जून में 34 वर्ष के हो जाएंगे। जोकोविच यहां तक कि खुद को 40 साल की उम्र में भी खेलते हुए देखते हैं।

उन्होंने कहा, मुझे किसी भी लिमिट पर विश्वास नहीं है। मैं निश्चित रूप से लंबे समय तक खेलते रहना चाहता हूं लेकिन मुझे पता है कि मैं जितने टूर्नामेंट खेल रहा हूं, वह बहुत जल्द घटने वाला है। मैं इस तेजी, साल में कई टूर्नामेंट और यात्रा के साथ लंबे समय तक नहीं खेल पाऊंगा। मैं 40 साल तक खेल सकता हूं, लेकिन तब शायद बड़े टूर्नामेंट पर ही ध्यान दिया जाएगा।

# विराट ने पहले ही देख ली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा की वेब सीरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- बताया– क्या हैं प्रड्यूसर से शादी का फायदा
- सीरीज को अनुष्का शर्मा और उनके भाई कर्णेश के प्रोडक्शन हाउस ने बनाया है

नई दिल्ली। घातक कोरोना वायरस से बचाव के तौर पर देशभर में लॉकडाउन घोषित है और इसी के चलते भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली भी अपने घर पर हैं। विराट की पत्नी बॉलिवुड ऐक्टर अनुष्का शर्मा की प्रोडक्शन कंपनी ने वेब सीरीज बनाई है। टीम इंडिया के कैप्टन ने इसे रिलीज से पहले ही देख लिया और सोशल मीडिया पर प्रड्यूसर बीवी से शादी का फायदा भी बताया। पाताल लोक नाम की एक वेब सीरीज हाल में रिलीज हुई।

9 एपिसोड की इस सीरीज को अनुष्का शर्मा और उनके भाई कर्णेश के प्रोडक्शन हाउस ने बनाया है। विराट कोहली ने ट्विटर पर लिखा, इस तरह की वेब सीरीज के प्रड्यूसर से शादी करने का फायदा यह है कि आप हफ्ते पहले ही यह शो देख चुके होते हैं। मुझे यह काफी पसंद आई। बहुत शानदार टीम। उन्होंने साथ ही अनुष्का को भी टैग किया। कैप्टन कोहली ने इंस्टाग्राम पर भी अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। इस फोटो में उन्होंने वेब सीरीज के पेज को ओपन किया हुआ है।

विराट ने लिखा, श्कुछ वक्त पहले इस सीरीज के सारे एपिसोड देखने के बाद। मुझे पता था कि



यह स्क्रीनप्ले, जबरदस्त अभिनय और कहानी बताने की एक शानदार सीरीज है। अब देखा कि लोगों ने इसे पसंद किया, बस पुष्टि कर रहा हूं कि मैंने शो कैसे देखा। मेरे प्यार अनुष्का शर्मा पर गर्व जिन्होंने शानदार सीरीज बनाई। कोरोना के कारण सभी तरह के क्रिकेट टूर्नामेंट को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

आईपीएल को भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया है। अगर ऐसा नहीं होता तो विराट आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी संभाल रहे होते।

## कोई भी भारतीय ऐथलीट इस साल विदेशी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेगा: सुमारिवाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय ऐथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने शुक्रवार को कहा कि कोराना वायरस महामारी के कारण कोई भी भारतीय खिलाड़ी इस साल विदेशों में होने वाले प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रख कर लिया गया है। इसका मतलब यह हुआ कि भारतीय खिलाड़ी 14 अगस्त से शुरू हो रही प्रतिष्ठित डायमंड लीग प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे।

तोक्यो ओलिंपिक के लिए भाला फेंक में क्वॉलिफाइ करने वाले वाले नीरज चोपड़ा और शिवपाल सिंह भी इसमें भाग नहीं ले सकेंगे। सुमारिवाला ने विश्व ऐथलेटिक्स के प्रमुख सेबास्टियन को के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमारी अपने ऐथलीटों को 2021 से पहले विदेश भेजने में रुचि नहीं हैं। तब तक हमारे पास इसकी (कोराना वायरस महामारी) अच्छी समझ होगी। उन्होंने कहा, हमारे ऐथलीटों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसलिए हमारे कोई भी ऐथलीटों डायमंड लीग में भाग नहीं लेगा। जो एथलीट फिलहाल राष्ट्रीय शिविरों में हैं वे अगले तीन महीने तक वहीं रहेंगे।'

## न्यूज डायरी



### अफरीदी ने खरीदा बांग्लादेशी क्रिकेटर मुशफिकुर का बल्ला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला शाहिद अफरीदी ने नीलामी के लिए रखे बांग्लादेशी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम के बल्ले को 20,000 डॉलर (15 लाख रुपये से अधिक) में खरीदा है। पिछले महीने मुशफिकुर ने घोषणा की थी कि कोविड–19 महामारी से लड़ने के लिए राहत कार्यों में मदद के लिए वह अपने बल्ले को नीलाम करेंगे। उन्होंने इस बल्ले से 2013 में श्रीलंका के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था। अफरीदी ने अपने संस्थान के लिए इस यादगार बल्ले को 20,000 डॉलर में खरीदा। मुशफिकुर ने कहा, 'शाहिद अफरीदी ने अपने संस्थान के लिए इस बल्ले को खरीदा है। मैं खुद को गौरवान्वित और सम्मानित महसूस करता हूं कि उनके जैसा कोई व्यक्ति हमारे अच्छे काम से जुड़ रहा है।' मुशफिकुर ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान के वीडियो संदेश को अपने ट्विटर हैंडल से पोस्ट किया। अफरीदी ने वीडियो में कहा, आप जो काम कर रहे हैं वह बहुत अच्छा है।

### श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड चाहे जुलाई में भारत करे दौरा, बीसीसीआई के जवाब का इंतजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। कोरोना वायरस महामारी के कारण भारतीय टीम के श्रीलंका दौरे पर बरकरार अनिश्चितता के बीच श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने बीसीसीआई से अनुरोध किया है कि वे जुलाई में इस निर्धारित सीरीज के लिए दौरा करने पर गंभीरता से विचार करें। भारतीय टीम के आगामी कार्यक्रम में जून–जुलाई में श्रीलंका का दौरा शामिल है जहां टीम को तीन वनडे और इतने ही टी20 मुकाबले खेलने हैं लेकिन, इस दौरे पर संशय बरकरार है। एसएलसी जुलाई के आखिरी में भारतीय टीम के साथ सीमित ओवरों का मुकाबला खेलने का इच्छुक है। उसने इसके लिए बीसीसीआई को ई–मेल भी किया है। बोर्ड को बीसीसीआई के जवाब का इंतजार है। फैंस की सुरक्षा को देखते हुए सीरीज का आयोजन दर्शकों के बिना होगा। बीसीसीआई का रुख हालांकि साफ है कि जब तक सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश और यात्रा की सलाह नहीं दी जाती है, वे इस समय कुछ भी करने में सक्षम नहीं होंगे।

### अमेरिका में फंसे थे ओलिंपियन अशोक दीवान, सरकार को कहा– शुक्रिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिका में फंसे रहते हुए स्वास्थ्य परेशानियों से लड़ने वाले भारत के पूर्व ओलिंपिक खिलाड़ी अशोक दीवान शुक्रवार सुबह स्वदेश लौट आए। वह अब कोविड–19 को फैलने से रोकने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए नियम के मुताबिक 14 दिन तक क्वॉरंटीन में रहेंगे। दीवान ने भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरेंद्र बत्रा को भेजे मेसेज में लिखा, 'मैं आज सुबह भारत आ चुका हूं और अब भारतीय सरकार द्वारा लागू किए गए क्वॉरंटीन के नियम का पालन कर रहा हूं।' उन्होंने लिखा, 'अपने देश वापस आना शानदार एहसास है।' पिछले महीने दीवान ने अमेरिका से भारत वापसी की अपील की थी। वह यातायात संबंधी पाबंदियों के कारण वहां फंसे थे। उन्होंने आईओए अध्यक्ष से अपील की थी कि वह उच्च अधिकारियों तक उनकी बात पहुंचाए जिसके बाद खेल मंत्रालय ने यह मामला विदेश मंत्रालय के पास भेज दिया था।

### ऐथलीट आयोग का चुनाव 1 साल के लिए स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लुसाने। अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) ने ऐथलीट आयोग के चुनाव को एक साल तक के लिए स्थगित कर दिया है। चुनाव इस साल होने थे, जिसमें राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (एनओसी) के 30 उम्मीदवारों का चयन चार पदों के लिए होना था। कोरोनावायरस महामारी के कारण टोक्यो ओलिंपिक के एक साल के लिए स्थगित होने के बाद आईओसी कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने ऐथलीट आयोग के चुनाव को भी आगे बढ़ाने का फैसला लिया। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा, 'ईबी इस बात को लेकर एकमत था कि यह एक मुश्किल समय है और हमें आयोग में ऐथलीटों के पूरे प्रतिनिधित्व की जरूरत है। इस समय ऐथलीटों की आवाज काफी महत्वपूर्ण है और हमारे पास कोई भी पद खाली नहीं रहना चाहिए।'